कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री पवन कुमार मीना निवासी ग्राम चौबडीवाला पोस्ट चांदेरा तहसील बसवा जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा

अपील संख्या 75/2023

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 20.11.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/ 2048 दिनांक 20.10.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा ने पत्र कमांकः भू0अ0/आरटीआई/2023/3981 दिनांक 31.10.2023 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे ज्ञात होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा